# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

**गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़ रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001**

ई–मेल Website: registrarsnpv@gmail.com


क्रमांक 413 / स्था.प्रशा. / कु.चि. ध्ये. ध्व. / 2021 रायगढ़, दिनांक 15/07/21

## –::अधिसूचना ::–

1. राज्य शासन के द्वारा जांजगीर–चांपा तथा रायगढ़ जिले के क्षेत्रों को मिलाकर रायगढ़ में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ की स्थापना हो चुकी है।
2. विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 374 / प्रशा. / कुलचिन्ह / 2021 रायगढ़ दिनांक 07.07.2021 द्वारा गठित सलाहकार समिति ने कुलचिन्ह (Logo), ध्येय वाक्य एवं विश्वविद्यालय ध्वज का प्रारूप तैयार कर प्रस्तुत किया।
3. प्रथम कुलपति द्वारा, छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 15A के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, समिति द्वारा प्रस्तुत कुलचिन्ह, ध्येय वाक्य एवं विश्वविद्यालय ध्वज को अनुमोदित करने का निर्णय लिया है।
4. संलग्न कुलचिन्ह, ध्येय वाक्य एवं विश्वविद्यालय ध्वज का प्रयोग विश्वविद्यालयीन कार्यो में आधिकारिक रूप से किया जायेगा।

तद्नुसार अधिसूचित किया जाता है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

आदेशानुसार

(के.के. चन्द्राकर)
कुलसचिव

पृष्ठ. क्रमांक 414 / स्था.प्रशा / कु.चि. ध्ये. ध्व. / 2021 रायगढ़ दिनांक 15/07/2021

प्रतिलिपि :–

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त उच्च शिक्षा, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
4. सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली को सादर सूचनार्थ।
5. सचिव, विश्वविद्यालय संघ को सादर सूचनार्थ।
6. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ ।
7. प्राचार्य, समस्त संबंद्ध शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल वि.वि. को सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव (प्रशा.)

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़

SHAHEED NANDKUMAR PATEL VISHWAVIDYALAYA, RAIGARH

2020

श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानम्

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़

SHAHEED NANDKUMAR PATEL VISHWAVIDYALAYA, RAIGARH

2020

श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानम्

## शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय का कुल चिन्ह (लोगो) में प्रतीकों का विश्लेषण

1. मध्य में स्थित पुस्तक ज्ञान साधना का प्रतीक ।
2. ज्ञान के माध्यम से कला व संगीत, खेल एवं दीपक आध्यात्मिक चिंतन का सांकेतिक प्रतीक ।
3. छत्तीसगढ़ के रायगढ़ एवं जांजगीर चांपा जिले की सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर माँ चंद्रहासिनी देवी मंदिर का गुम्बद।
4. पृष्ठभूमि में उगते सूर्य की आभा ज्ञान प्रकाश के आलोक से ब्रम्हांड को प्रकाशित एवं ज्योतिर्गमय का संदेश ।
5. पृष्ठभूमि के आकाश में उड़ते पंछी उपलब्धियों की अनंत संभावनाओं के उड़ान का प्रतीक।
6. बांयी ओर धान की बाली छत्तीसगढ़ के धन-धान्य संपन्नता एवं कृषि का प्रतीक ।
7. दांयी ओर कांसा, कोसा, कंचन का प्रतीक ।
8. निचले भाग में उद्योग, शिल्प विकास तथा ऊर्जा का प्रतीक चिन्ह।
9. कुल चिन्ह के निचले भाग पर आधार स्वरूप ध्येय वाक्य श्रीमद् भागवत गीता अध्याय 4, श्लोक क्रमांक 39 का पूर्वा ''श्रद्धावाँल्लभते ज्ञानम्'' ज्ञान के प्रति श्रद्धा की आवश्यकता संदेश देता हुआ ।
10. पृष्ठभूमि पर नीला रंग अनंत संभावनाओं को व्यक्त करता हुआ तथा रक्तिम स्वर्णाभ लालिमा ऊर्जा व उत्साह का प्रतीक।

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

SHAHEED NANDKUMAR PATEL VISHWAVIDYALAYA, RAIGARH (CHHATTISGARH)